# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

**रविन्द्र कुमार,** बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-1804

सेवा में,

प्रभारी प्रधानाध्यापक,
श्री राम चन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पातेपुर,
जिला- वैशाली

हाजीपुर, दिनांक-18/08/26

विषयः- स्पष्टीकरण के संबंध में।

प्रसंगः- सहयोग पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या REF705299 दिनांक 10.08.2026 एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,पातेपुर का पत्रांक 434 दिनांक 10.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में अंकित करना है कि श्री राम चन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पातेपुर में वित्तीय अनियमितताओं एवं संदिग्ध निकासी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पातेपुर एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पातेपुर द्वारा दिनांक 10.06.2026 को आपके विद्यालय की संयुक्त जाँच की गई थी। जाँच के क्रम में आपके द्वारा विकास कोष पंजी छात्र कोष मासिक शुल्क संग्रह पंजी एवं विद्यालय के सभी कोष का पासबुक अप्राप्त बताया गया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक पंजी अद्यतन नहीं पाई गई तथा एफ0 एल0 एन0 कीट से संबंधित पंजी के संबंध में भी भ्रामक जानकारी दी गई।

विद्यालय के महत्वपूर्ण वित्तीय एवं प्रशासनिक अभिलेखों को जाँच दल को उपलब्ध नही कराना आपके कार्य में घोर लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं वित्तीय अनियमितता को परिलक्षित करता है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 03 दिनों के अंदर वर्ष 01 अप्रैल 2023 से दिनांक 18.08.2026 तक का किस मद में किस खाते से कितनी राशि निकासी की गई है और कितनी राशि मद वार जमा की गई है का विवरण एवं विद्यालय का पदस्थापना विवरणी तथा साक्ष्य सहित अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें कि क्यों नही आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए? ससमय संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा तदनुसार एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

18.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

18/8/26